पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)

————————

# राज्यपाल ने जनपद लखीमपुर खीरी में हस्तशिल्प केन्द्र का किया भ्रमण

————————

# राज्यपाल ने सराहा जनजातीय महिलाओं का हुनर

————————

लखनऊ : 03 जून, 2025

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने जनपद लखीमपुर खीरी में ग्राम बलेरा स्थित एकीकृत जनजाति विकास परियोजना चन्दन चौकी द्वारा संचालित हस्तशिल्प उत्पादन एवं विक्रय केन्द्र का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने थारू जनजाति की महिलाओं से आत्मीय संवाद किया तथा उनके द्वारा तैयार किए जा रहे विभिन्न उत्पादों जैसे योगा मैट, पूजा मैट, टेबलमैट आदि का अवलोकन कर प्रशंसा की। उन्होंने महिलाओं से हस्तशिल्प उत्पादन की प्रक्रिया, कच्चे माल की उपलब्धता, प्रशिक्षण की व्यवस्था और उत्पादों की गुणवत्ता से संबंधित जानकारी प्राप्त की। राज्यपाल जी ने विशेष रूप से उत्पादों के विपणन, बाज़ार तक पहुँच और ई–कॉमर्स प्लेटफार्मों से जोड़ने के प्रशासन के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने यह भी जाना कि किस प्रकार इन उत्पादों को ब्रांडिंग और पैकेजिंग के माध्यम से व्यापक बाज़ार में स्थापित किया जा सकता है।

इस अवसर पर राज्यपाल जी ने 'एक जनपद–एक उत्पाद' योजना के अंतर्गत विकसित थारू जनजातीय हस्तशिल्प उत्पादों का भी अवलोकन किया। उन्होंने इन पारंपरिक कलाओं के संरक्षण और संवर्धन के लिए किये जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह केन्द्र स्थानीय जनजातीय महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस दौरान राज्यपाल जी ने मौजूद थारू जनजाति की महिलाओं से उनकी समस्याएं जानी, जिला प्रशासन को निर्देश दिया कि कैंप लगाकर आयुष्मान कार्ड बनवाए जाएं। कोई भी पात्र व्यक्ति छूटने न पाए।

इस दौरान विधायक धौरहरा श्री विनोद शंकर अवस्थी, डी0एम0 श्री दुर्गा शक्ति नागपाल, एस0पी0 श्री संकल्प शर्मा, सी0डी0ओ0 श्री अभिषेक कुमार सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

——————————

सम्पर्क सूत्र
डॉ0 संगीता चौधरी,
सूचना अधिकारी, राजभवन
मो0–9161668080












